विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2
ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 09 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 144, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# समाज की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक : मुख्यमंत्री साय

## छत्तीसगढ़: सखी वन स्टॉप सेंटर की एसओपी निर्धारित करने वाला पहला राज्य, महिला कल्याण के लिए चार नए पोर्टल लॉन्च, महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारी



**रायपुर।** महिला कल्याण के लिए चार नए पोर्टल लॉन्च, महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारीमहिला कल्याण के लिए चार नए पोर्टल लॉन्च, महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारीमहिला कल्याण के लिए चार नए पोर्टल लॉन्च, महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित ऋवृहद महतारी वंदन सम्मेलनऋ में शामिल हुए और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ में महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिलाओं के त्याग और समर्पण के बिना कोई भी समाज और राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि भारत में मातृशक्ति की पूजा की परंपरा सदियों पुरानी है और छत्तीसगढ़ सरकार इस परंपरा को और सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोई भी समाज तब तक संपूर्ण नहीं हो सकता जब तक समाज की महिलाएँ सशक्त न हों। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सम्मानित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और आने वाले समय में भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई नए कदम उठाए जाएँगे। महिला सशक्तिकरण की यह यात्रा सतत जारी रहेगी, क्योंकि नारी शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है।

**महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिला कल्याण के लिए महतारी वंदन योजना के तहत पिछले 13 महीनों से प्रति माह 1,000 रुपये की राशि सीधे महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित कर रही है। अब तक 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 8,488 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए भी एक नई पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब से उनका मानदेय सीधे उनके बैंक खातों में स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे भुगतान में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी।

**चार नए पोर्टल और डिजिटल पहल की लॉन्चिंग**

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर उत्पीड़ित एवं संकटग्रस्त महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल



सुविधा की शुरुआत किया जिसके तहत वे ऑनलाइन एवं मोबाइल एप के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकेंगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री श्री साय ने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के पोर्टल, इंफ्रा पोर्टल तथा स्थापना पोर्टल का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से महिलाओं को अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**महिला स्व-सहायता समूहों के लिए नए अवसर**

महिला मड़ई में लगे स्टॉल्स के संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि अब तक 15 से 20 लाख रुपये से अधिक की खरीद-बिक्री हो चुकी है, जो महिला उद्यमिता को दर्शाता है। उन्होंने घोषणा की कि नवा रायपुर में 200 करोड़ रुपये की लागत से ऋयूनिटी मॉलऋ बनाया जाएगा, जहाँ महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को बेचने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे।

**सखी वन स्टॉप सेंटर की एसओपी - छत्तीसगढ़ बना पहला राज्य**

मुख्यमंत्री श्री साय ने सखी वन स्टॉप सेंटर की मानक संचालन प्रक्रिया (स्ह्क्क) का विमोचन किया और बताया कि छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

उन्होंने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी सहायता प्रदान करता है। अब इस सेंटर के व्यवस्थित संचालन के लिए एक मानक प्रक्रिया बनाई गई है, जिससे इसकी प्रभावशीलता और बढ़ेगी।

**महिला सशक्तिकरण के लिए बजट में विशेष प्रावधान**

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि अपनी नीति और संकल्प का अभिन्न हिस्सा मानती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के राज्य बजट में महिलाओं और समाज कल्याण से जुड़ी कई योजनाओं को सशक्त किया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने से लेकर, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा तक हर क्षेत्र में सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है।

**महिलाओं के लिए आरक्षण और नए अवसर**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है।पंचायती राज संस्थाओं में पहले से ही महिलाओं को 50त्न आरक्षण प्राप्त है। अब विधानसभा और लोकसभा में भी 33त्न आरक्षण का लाभ जल्द ही महिलाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज महिलाएँ राजनीति से लेकर फाइटर प्लेन उड़ाने और रेल संचालन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

चार दिवसीय महिला मड़ई का आयोजन अजेय नारी



- आराध्य नारी थीम पर किया गया। इसमें राज्य के 33 जिलों से आए 87 महिला स्व-सहायता समूहों ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी और विक्रय किया।

इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी विभिन्न माध्यमों से आमजन के सामने प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, विधायक श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, बाल संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती पुष्पा पाटले, संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, संचालक श्री जन्मजेय महोबे, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह और आयुक्त नगर निगम श्री विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महिला पुलिस कर्मियों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों की हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा नियमों को जनसामान्य में संदेश देने के लिए महिला पुलिस कर्मियों ने हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन रैली निकाली। दो पहिया वाहन रैली अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण (अजाक) थाना से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस चौक, भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक, आम्बेडकर चौक से नया बस स्टैण्ड, गुरूद्वारा चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए वापस अजाक थाना पहुंचकर समापन किया गया। महिला पुलिस कर्मचारियों ने हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा नियमों से लिखें तखती हाथों में लेकर जनसामान्य को संदेश दिया। रैली में दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट पहने पीछे बैठे सवारी को भी हेलमेट पहनायें, बिना लायसेंस के वाहन न चलाए, दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार हेतु मदद करें, सड़क में अपने बाये ओर चले रोड के बीचो बीच न चले, नशे की हालत में कोई भी वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाईल का कतई उपयोग न करें, नबालिग बच्चें को वाहन चलाने न दे, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा मूलमंत्र को अपनाये, सदैव यातायात नियमों का पालन करें, माल वाहक में सवारी न करें और दुर्घटना से बचे जैसे सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्री भावेश बैद, श्री राजेश श्यामकर सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# खाटू वाले श्याम प्रभु की निकली भव्य निशान यात्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फगुन



महोत्सव के प्रथम दिवस उदयाचल प्रांगण से भव्य निशान यात्रा निकाली , जो महेश पथ से तिरंगा चौक रामाधीन मार्ग श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन भारत माता चौक से गंज लाइन होते हुए वापस उदयाचल प्रांगण पहुंची । सैकड़ो माता बहनों एवं बंधुओ ने अपने हाथों में धर्म ध्वजा ( निशान ) लेकर चल रही थी । यात्रा के पीछे भव्य रथ में आकर्षक सजावट के साथ बाबा श्याम चल रहे थे ।

# वनांचल के ग्राम मुरेर निवासी श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर को जनपद अध्यक्ष बनने पर अंचल में हर्ष व्याप्त

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** मोहला विकासखण्ड के वनांचल के बहुत ही छोटे से गांव मुरेर निवासी श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर को जनपद पंचायत मोहला के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मोहला ब्लॉक सहित समस्त वनांचल एवं आदिवासी समाज में हर्ष व्याप्त है। ज्ञातव्य हो कि बहुत ही साधारण परिवार की गृहिणी को देश की आजादी के बाद अपने गांव मुरेर से वर्ष 2020 में ग्राम पंचायत मार्री का पहली बार सरपंच एवं अभी हाल में संपन्न त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में जनपद सदस्य उसके पश्चात् जनपद अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल हुआ है। उल्लेखनीय है कि आज से कुछ साल पहले तक ग्राम मुरेर की पहचान दुर्गम एवं पहुँचविहीन गांव में होता था। बारिश के दिनों में ग्राम मुरेर एवं आसपास के गांव मार्री एवं देववाड़वी का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह से टूट जाता था। जिसके कारण प्रसव एवं अन्य बीमारियों के कारण कई ग्रामीणों की असमय मौत भी हो जाती थी। आज भी ग्राम मुरेर के ग्रामीणों को बस में सफर करने के लिए पास के गांव मार्री एवं देववाड़वी में जाना पड़ता है। ग्राम मुरेर के इस महिला को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर ग्रामवासियों में सर्वस्व हर्ष व्याप्त है। जनपद अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर के गांव में पहुँचने पर गांव के प्रत्येक परिवार के लोगों उनका आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत किया। अपने परिवार के संघर्षमय सफर के बारे में जानकारी देते हुए नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने बताया कि वे बहुत ही साधारण एवं छोटे परिवार से ताल्लुक रखती है। उन्होंने बताया कि गांव के बुजुर्ग बताया करते थे उनके ससुर स्व. झगरू राम कभी अपने जीविकोपार्जन के लिए दूसरे के यहाँ नौकर लगा करते थे। इसके अलावा जब उनके पति मात्र 04 माह के थे



तो उनकी सास का आकस्मिक निधन हो गया था। जिसके फलस्वरूप उनके परिवार को घोर गरीबी एवं विपरित परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था लेकिन वर्तमान में शिक्षा और संघर्ष के कारण उनके परिवार की स्थिति में सुधार हुआ है। वर्तमान में उनके पति श्री बंशीलाल ठाकुर ग्राम पंचायत सचिव के पद पर पास के गांव मण्डावी टोला में पदस्थ है। उनके परिवार में शिक्षा और मेहनत को ध्येय मानकर अपनी स्थिति को सुधार करने के लिए प्रयासरत है। जिसके फलस्वरूप उसके पति के बड़े भाई श्री रामजी लाल ठाकुर प्रधानपाठक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसके साथ ही उनके बड़े भतीजा श्री चंद्रेश ठाकुर लोक सेवा आयोग के माध्यम से जनसंपर्क विभाग में सहायक संचालक पद पर चयनित होकर वर्तमान में बालोद में पदस्थ है। इसके साथ ही उनके दो भतीजी भी शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भतीजे श्री चंद्रेश ठाकुर समाज सेवा एवं प्रशासनिक एवं अकादमिक क्षेत्र के जाने-पहचाने नाम है। श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर ने कहा कि उनके परिवार को यह सब उपलब्धि शिक्षा, अपने कार्य के प्रति ईमानदारी एवं कठिन संघर्ष के फलस्वरूप हासिल हुआ है। उन्होंने शिक्षा को आदिवासी समाज सहित समुचे मानव समाज के विकास एवं प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक तथा नशापान को व्यक्ति और समाज के पतन का मुख्य कारण बताते हुए सभी लोगों को अपने बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने तथा नशापान से दूर रहने की विनम्र अपील भी की। श्रीमती ठाकुर ने अपने उपलब्धि का श्रेय ग्राम मुरेर सहित सभी मतदाताओं एवं अपने परिवार के कठिन संघर्ष को देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए अपना सर्वस्व योगदान देने के अलावा अंचल एवं समाज में शिक्षा के प्रसार हेतु कार्य करने की बात कही है।

# खाटूवाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुन महोत्सव के द्वितीय दिवस भव्य भजन संध्या

## सुप्रसिद्ध श्याम दिवानी श्वेता कौशिक एवं विभा मिश्रा की गूंजेगी सुमधुर वाणी, उदयाचल प्रांगण में सजा है श्याम दरबार, इत्र, केशर, गुलाब जल एवम फूलों की होली खेली जाएगी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खाटूवाले श्याम प्रभु के महत्वपूर्ण उत्सवों में फागुन महोत्सव का विशेष स्थान है। फागुन शुक्ल एकादशी को अतुलित बलशाली तीन बाणधारी युवक बर्बरीक ने महाभारत के युद्ध के समय भगवान कृष्ण को अपने शीश का दान देकर उनसे श्याम नाम प्राप्त किया था, श्याम प्रभु कलयुग में हारे के सहारे के नाम से पूजे जाते है। राजस्थान के खाटुधाम में फागुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारम्भ होने वाले उत्सव का मुख्य आकर्षण फागुन शुक्ल एकादशी तक भजन-कीर्तन तथा द्वादशी को श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ एवं भंडारा प्रसादी के साथ पूर्ण होता है। इसी फागुन माह के शुक्ल पक्ष में देश के कोने-कोने में स्थापित श्याम मंदिरों एवम अन्य नगर-ग्रामों में निवासरत श्याम प्रेमी अपने शहर-नगर में भजन, सत्संग के माध्यम से फागुन महोत्सव का आयोजन करते है। संस्कारधानी नगरी में श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा 29 वर्षो से श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत सुमधुर भजन-सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पिछले 20 वर्षो से अनेक श्रद्धालु भक्त माता-बहन तथा बंधु निशान लेकर खाटू धाम यात्रा पर जा रहे है।

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा इस वर्ष खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव पर चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम किए जाने की व्यापक तैयारिया की गई है। समिति के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस वर्ष फागुन महोत्सव के अवसर पर 23 वीं निशान यात्रा 01 मार्च को 50 श्रद्धालु माता-बहने एवम बंधु निशान लेकर खाटु श्याम जी को समर्पित करके वापस लौट आए है। संस्कारधानी नगरी में 30वां




फागुन महोत्सव फागुन शुक्ल नवमी 08 मार्च से फागुन शुक्ल द्वादशी 11 मार्च 2025 तक चार दिवसीय आयोजन के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दुग्धाभिषेक, निशान यात्रा,भव्य भजन संध्या के साथ ही श्री श्याम ज्योति अखण्ड पाठ एवम भंडारा प्रसादी आयोजित किया जा रहा है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, समिति के सक्रिय सदस्य राहुल लोहिया, प्रतीक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल श्याम महिला मंडल की आशा जयप्रकाश अग्रवाल, ऋचा सौरभ अग्रवाल एवं नीता अशोक लोहिया के अनुसार खाटूधाम (उदयाचल प्रांगण) में आयोजित फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस 08 मार्च को सुबह 10 बजे श्री श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक हुआ जिसमें सैकड़ों माता-बहनों एवं बंधुओ ने लगभग 101 किलो दूध से बाबा का अभिषेक किया तथा श्याम नाम की मेंहदी लगवाई। दोपहर 05: 30 बजे उदयाचल से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। जो भजन सत्संग के साथ नगर भ्रमण करते हुए वापस खाटूधाम उदयाचल प्रांगण पहुंची। निशान यात्रा में नगर के भजन गायकों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन समिति द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार महोत्सव के दूसरे दिन आज फागुन शुक्ल दशमी 09 मार्च रविवार को रात्रि 07 बजे से लखनऊ की श्याम दीवानी गुड़िया विभा मिश्रा एवं कोलकाता की श्याम सेविका श्वेता कौशिक अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित करेंगी। महोत्सव के दौरान श्याम प्रभु का अद्भुत अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा। अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, छप्पनभोग एवं पान भोग का प्रसाद लगाया जाएगा,भजन के दौरान इत्र, केशर, गुलाब जल एवम फूलों की होली खेली जायेगी, प्रतिदिन रात्रि में जलपान प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। प्रतिदिन के श्रृंगार, पान भोग, छप्पनभोग एवम प्रसादी के यजमान बनाए गए है। भजन प्रारंभ होने के पूर्व श्याम प्रभु के भव्य दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, जिसमे प्रत्येक भक्त माता-बहने एवम बंधु आहुति दे सकेंगे। आयोजन समिति ने नगर के श्रद्धालु माता बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक उत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# आम जनता को जिला स्तर का सभी प्रकार का न्याय सस्ता एंव शुलभ न्याय प्राप्त हो - उच्च न्यायालय

**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एंव माननीय श्री विष्णुदेव साय भा. ज. पा. की छत्तीसगढ़ सरकार के साहनुभूति पूर्वक आदेश के अनुसार तथा जिला निर्माण संघर्ष मोर्चा अम्बागढ़ चौकी, तहसील अधिवक्ता संघ अम्बागढ़ चौकी, जिला विकास संघर्ष मोर्चा अम्बागढ़ चौकी का संयुक्त संघर्ष एंव प्रयासों से वर्षो पुरानी मांग से अम्बागढ़ चौकी मे माननीय अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायालय कि स्थापना करने कि मांग को पूर्ण कर मार्च का अंतिम 2025 मे शुभारंभ कि जा रही है!माननीय उच्च न्यायालय एंव छत्तीसगढ़ कि भा. ज. पा. सरकार का कोटिश- कोटिश आभार धन्यवाद तथा अंचल के आम जनता को बहुत बहुत बधाई हार्दिक शुभकामनायें! अब अंचल के आम जनता को जिला स्तर का सभी प्रकार का न्याय सस्ता एंव शुलभ न्याय प्राप्त हो सकेगा! इसके अतिरिक्त अंचल का आम जनता का और् भी कुछ महत्वपूर्ण मांगो को पूर्ण करने का आशा व्यक्त किये है!यह जानकारी जिला निर्माण संघर्ष मोर्चा का पदाधिकारी दिनेश ताम्रकार महामंत्री, मोहन पटेल संयोजक एंव तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्री एम. बी. मिलिंद जी , सचिव श्री निखिल झा जी को द्वारा दिया गया है

# शपथ लेते ही महापौर मधुसूदन यादव पहुंचे मोहारा

## आयुक्त एवं तकनीकी अधिकारियों के साथ जल संयंत्र गृह व शिवनाथ नदी का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवनिर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव आज मोहारा शिवनाथ नदी एवं जल संयंत्र गृह का आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तथा तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर एनीकट के पास सिल्ट निकालने चैन माऊंटेन गाडी की संख्या बढ़ाने तथा पुराने एनीकट के पुरे गेट को बंद करने के निर्देश दिए।

शिवनाथ नदी में जल संग्रहण में कमी आने पर पेयजल सप्लाई में आ रही कठिनाई को देख नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदो के शपथ ग्रहण के उपरांत महापौर श्री मधुसूदन यादव मोहारा पहुंचे। उन्होने जल संयंत्र गृह का निरीक्षण कर व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और कहा कि, 17 एमएलडी के पास के सिल्ट को हटाने अलग चैन माऊंटेन लगाये तथा इंटकवेल का इस्टेनर को तकनीकी अधिकारियों के साथ मिलकर नीचे करने कहा ताकि जल स्तर कम होने पर रॉ-वाटर लेने में सुविधा हो। उन्होने पुराने एनीकट के सभी गेट तत्काल बंद करने कार्यपालन अभियता श्री यू.के. रामटेक को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि, बरसात के दिनों में नये एनीकट का सभी गेट नही खोलते जिससे एनीकट के पास सिल्ट जमा हो जाता है, इसके लिए पूर्व से ही सिंचाई विभाग को पत्र प्रेषित करें। उन्होने नदी में जल संग्रहण बढ़ाने सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा ताकि जल्द से जल्द नागरिकों को दोनो समय पेयजल सप्लाई की जा सके। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अमृत मिशन के अधिकारियों से कहा कि, जल्द चैन माऊंटेन की संख्या बढ़ावे जिससे स्टेनर के पास का सिल्ट हटाया जा सके। पुराना एनीकट के सभी गेट खोलने श्रमिकों की संख्या बढ़ाने कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके से कहा। उन्होने कहा कि, मोंगरा जलाशय से छोडा गया पानी नदी में पहुंचने वाला है। इसके पूर्व एनीकट का गेट बंद करें। वर्तमान में पेयजल संकट को ध्यान में रखकर श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य करावे तथा सभी अधिकारी कर्मचारी प्रतिदिन निर्धारित समय तक कार्य करना सुनिश्चित करेंगें। महापौर श्री यादव ने मोहारा शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर वार्ड वालों की मांग पर एनीकट के पास का सिल्ट हटाने का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होने नागरिकों से भी अपील की है कि, इस संकट की घडी में सहयोग करें और आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग करे। अतिशीघ्र दोनो समय पूर्व की भांति पानी सप्लाई की जावेगी। निरीक्षण के दौरान पार्षद श्री संजय रजक, श्री आलोक श्रोती व श्री चन्द्रकृत साहू सहित प्र. सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उपअभिंता श्री अनुप पाण्डे, अमृत मिशन के अधिकारी श्री नितिन पाटिल व श्री अब्राहम भाई आदि उपस्थित थे।

# व्यवहार न्यायालय छुईखदान में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में न्यायालय छुईखदान में तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ईशान व्यास द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें राजीनामा योग्य धाराओं में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में निराकरण करने के लिए सिविल वाद प्रकरण, रेगुलर क्रिमिनल, मोटर यान अधिनियम, ट्रैफिक्क चालान, चेक अनादर अधिनियम, बैंक संबंधित मामले, विद्युत संबंधित मामले, एवं नल जल कर से संबंधित मामले पेश किए गए थे पी.एल.व्ही सनील कुमार द्वारा बताया गया की उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यवहार न्यायालय छुईखदान में लंबित मामलों में से



रेगुलर क्रिमिनल 9 प्रकरण, चेक अनादर अधिनियम 4 प्रकरण, आबकारी अधिनियम ,जुआ अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम 446 प्रकरण, कुल 459 प्रकरणों में राजीनामा हुआ। नेशनल लोक अदालत में उपस्थित कुछ पक्षकारों को पौधा वितरण किया गया। नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह में आयोजन किया जाता है। जिसमें राजीनामा तथा आपसी भाईचारा से अपने प्रकरण का निराकरण करते हैं ।उक्त नेशनल लोक अदालत में तालुका विधिक सेवा समिति छुईखदान द्वारा दिव्यांगजन को आने-जाने तथा चलने फिरने में परेशानी ना हो इसलिए व्हीलचेयर कि सुविधा उपलब्ध कराई गई थी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी छुईखदान के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्तागण तथा पक्षकारो को स्वास्थ्य संबंधित चेक अप कर दवाइयां वितरण किया गया ।

## लीनेस क्लब की महिलाओं ने अनोखे तरीके से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दुनियाभर में च्अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसज् हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर राजनांदगांव के लीनेस क्लब की महिलाओं ने एक



अनूठी पहल करते हुए 'मां-बेटी से सवाई' कार्यक्रम का आयोजन किया।इस कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। भारतीय तैलीक साहू राठौर महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि यह दिन महिलाओं की समानता, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान समाज की सशक्त महिलाओं ने अपने जीवन संघर्ष और उपलब्धियों की प्रेरक कहानियां साझा कीं। साथ ही, मां-बेटी के रिश्ते और महिलाओं की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना, उनके योगदान को समाज तक पहुँचाना और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। लीनेस क्लब की इस पहल को समाज के विभिन्न वर्गों से सराहना मिली और इसे महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बताया गया।

## नकली नोटों से बढ़ी परेशानी: दुकानदारों को नुकसान, सड़क हादसे भी बढ़े

**खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** बाजार में बच्चों के खेलने के लिए



मिलने वाले ?10, ?20, ?50, ?100, ?200 और ?500 के नकली नोट अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गए हैं। ये नोट देखने में असली नोटों की तरह दिखते हैं, जिन पर महात्मा गांधी की तस्वीर के साथ सभी लिखावट, रंग और साइज बिल्कुल असली नोटों की तरह होते हैं। ये नकली नोट बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं, जिनका गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है।

# अम्बेडकर महाविद्यालय महिला दिवस पर डाईट और योगा पर कार्यशाला का आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला प्रकोष्ठ द्वारा डाईट पोषण और योगा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रथम सत्र योगा पर आधारित था। एम.एस.सी. प्राणीशास्त्र की छात्रा अरूणा खरे, अंजली और कुमूदनी ने कुर्सी पर बैठकर करने वाले स्ट्रेचिंग और ब्रिदिंग एक्सारसाईज का प्रदर्शन किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी छात्राओं ने इसका अभ्यास कर इनके लाभ का संक्षिप्त जानकारी प्राप्त किया। तत्पश्चात् महिला प्राध्यापकों ने भी योगासन का अभ्यास कराया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र डाईट और पोषण में महिला प्रकोष्ठ रेणुका ठाकुर ने पोषण के महत्व को बताते हुये पोषण की कमी को पहचानने के विभिन्न लक्षणों पर चर्चा किए जैसे - नाखुन के आधार पर अर्धचन्द्र आकार का चिन्ह या भुरे रेखा,



बालों का झड़ना, सफेद होना, होंठो के किनारे फटना, काला होना आदि। डॉ. नम्रता देवांगन विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान ने 17 से 22 साल की उम्र में छात्राओं को डाईट पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने बताया कि डिटॉक्स जूस जैसे पानी में अदकर, या हल्दी खीरा के टुकड़े और नीबु रस का सेवन करना लाभकारी होता है। अन्य डिटाक्स जूस जैसे रखिया का जूस और कच्चे आंवले का जूस शरीर के विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है और ऊर्जा भी प्रदान करता है। छात्राओं द्वारा पुछे गये समस्याओं का निदान भी किया। कार्यशाला में प्रियांकी गजभिये एन.एस.एस अधिकारी, व्याख्याता नूतन साहू, और शिल्पा वासनिक की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में एम.एस.सी. प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, रसायन शास्त्र, बी.एस.सी. और बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रायें लाभान्वित हुए, 000

# सरकारी स्कूल भी बना प्रचार प्रसार का अड्डा




**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के खेल मैदान और खाली पड़े स्थलों का प्रचार प्रसार का उपयोग करके तहस नहस कर दिया गया है। स्थानीय जेंट्स क्लब मैदान, बीटीआई मैदान, करियाटोला कृष्ण कुंज मैदान खासकर जनसहयोग मैदान इन सभी को अन्य कार्यों के लिए उपयोग किया गया और मैदान को बर्बाद कर दिया गया। अब सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए सुरक्षित रहे शासकीय आत्मानंद स्कूल ग्राउंग की ओर नजर है। वहीं स्कूल प्रांगण को प्रचार प्रसार का अड्डा बना दिया गया है। राजनीतिक दबाव और प्रभाव के चले स्कूल प्रबंधन की हिम्मत नहीं होती कि वे आयोजकों मना कर सके। इस स्कूल प्रांगण में अनेक शासकीय आयोजन हुए, चुनाव प्रकिया के चलते प्रांगण को व्यस्त कर दिया गया और स्कूली बच्चों का पढ़ाई प्रभावित हुआ। हाल ही में महाशिवरात्रि का कार्यक्रम आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में आयोजित हुआ और वहीं भंडारे का भी आयोजन किया गया। दूसरे दिन बच्चों का स्कूल लगाया जाना था, ऐसे में स्कूल की पूरी क्रियाविधि प्रभावित होती है। किसी भी सार्वजनिक आयोजनों से कोई परेशानी नहीं है लेकिन इन आयोजनों को वहां किया जाना चाहिए जहां किसी कोई दिक्कत ना हो, खासकर स्कूली प्रांगण में तो नहीं किया जाना चाहिए। पिछले वर्ष तक महाशिवरात्रि का आयोजन पुराने बस स्टैंड में किया जाता था। इसके अलावा वहां कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए लगाए गए बैनर पोस्टर को भी नहीं निकाला गया है। स्कूल के मेन गेट को फ्लैक्स से कव्हर कर दिया गया है, जिसे अभी तक नहीं हटाया गया है। स्कूल में छोटे छोटे बच्चे पढ़ने जाते हैं यदि किसी कारण वश ये बड़े पोस्टर फ्लैक्स लकड़ी के फ्रेम सहित गिर जाए तो बड़ी अनहोनी हो सकती है। इधर शहर के अन्य हिस्से और बिजली पोल में बैनर पोस्टर अटे पड़े हैं जिससे यातायात में परेशानी और राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है नेताओं का प्रचार प्रसार के विज्ञापन बोर्ड भी नगर पंचायत द्वारा लगाए गए बिजली खंभा में भी मेनरोड पर लगा दिया जाता है जिनमें राहगीर कई बार टकरा जाते है ऐसे में जिला प्रशासन और नगर प्रशासन को कार्यवाही करना चाहिए।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में न्यायालय छुईखदान में तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ईशान व्यास द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें राजीनामा योग्य धाराओं में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में निराकरण करने के लिए सिविल वाद प्रकरण, रेगुलर क्रिमिनल, मोटर यान अधिनियम, ट्रैफिक्क चालान, चेक



अनादर अधिनियम, बैंक संबंधित मामले, विद्युत संबंधित मामले, एवं नल जल कर से संबंधित मामले पेश किए गए थे पी.एल.व्ही सनील कुमार द्वारा बताया गया की उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यवहार न्यायालय छुईखदान में लंबित मामलों में से रेगुलर क्रिमिनल 9 प्रकरण, चेक अनादर अधिनियम 4 प्रकरण, आबकारी अधिनियम ,जुआ अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम 446 प्रकरण, कुल 459 प्रकरणों में राजीनामा हुआ। नेशनल लोक अदालत में उपस्थित कुछ पक्षकारों को पौधा वितरण किया गया। नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह में आयोजन किया जाता है। जिसमें राजीनामा तथा आपसी भाईचारा से अपने प्रकरण का निराकरण करते हैं ।उक्त नेशनल लोक अदालत में तालुका विधिक सेवा समिति छुईखदान द्वारा दिव्यांगजन को आने-जाने तथा चलने फिरने में परेशानी ना हो इसलिए व्हीलचेयर कि सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।

**शुभांक**

**2-3-8**

**370-0 128-1**

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 164766/निविदा सूचना क्र. 09/ /2024-25, डोंगरगांव दिनांक 06.03.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 27.03.2025 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- राजनांदगांव जिले (वर्तमान मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी) के विकासखण्ड अंबागढ़ चौकी की मोंगरा बैराज परियोजना के दांयी तट की सी.सी. लाईनिंग आर.डी. 0 मी. से 7775 मी. तक 30 नग कुलाबा फिक्सिंग कार्य तथा 10 नग आउटलेट का निर्माण कार्य.

अनुमानित लागत :- रु. 713.46 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 13.03.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है.

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है.

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन बैराज संभाग, डोंगरगांव
कृते, मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-05829

# महिलाओं को सशक्त बनाकर, जरूरतमंदों को सहारा देकर और शिक्षा का दीप जलाकर आगे बढ़ने वाली शख्सियत, डॉ. रुबीना अल्वी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मैं डॉ. रुबीना अल्वी, एक प्रोफेसर , समाजसेवी और अब एक उद्यमी। जीवन ने मुझे अलग-अलग जिम्मेदारियों से नवाजा, और मैंने हर भूमिका को पूरी शिद्दत से निभाया। आज, मैं ह्न्द्धड्ढद्ब स्ठ्ठड्डष्ह्य के माध्यम से फूड इंडस्ट्री में पूरे छत्तीसगढ़ में एक अलग पहचान बना रही हूँ। हमारे 12 प्रोडक्ट्स न केवल स्वाद में विशिष्ट हैं, बल्कि गुणवत्ता में भी सर्वोत्तम हैं।

शुरुआत से ही मेरे परिवार में शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती थी। बचपन में मेरा सपना था डॉक्टर बनने का, लेकिन मेरी मंजिल मुझे कहीं और ले गई। मेरी राह में चुनौतियाँ आईं, लेकिन महान शिक्षाविद हेमलता मोहबे जी के मार्गदर्शन ने मेरे सपनों को दिशा दी। मैंने एक प्रोफेसर के रूप में बच्चों को पढ़ाया, फिर समाजसेवा के क्षेत्र में कदम रखा, और आज एक उद्यमी के रूप में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हूँ। शिक्षा के क्षेत्र में रहते हुए मैंने महसूस किया कि ज्ञान के साथ आत्मनिर्भरता भी जरूरी है। मैं चाहती थी कि महिलाएं केवल पढ़ें ही नहीं, बल्कि अपने पैरों पर खड़ी होकर समाज में एक नया अध्याय लिखें। यही सोच मुझे उद्यमिता की ओर ले गई। मैंने देखा कि मेरे आसपास कई ऐसी महिलाएं हैं, जिनके सपने तो हैं, लेकिन रास्ते



नहीं। मैंने संकल्प लिया कि न केवल मैं आगे बढ़ूंगी, बल्कि उन महिलाओं को भी साथ लेकर चलूंगी जो अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। मुझे हमेशा से यह विश्वास था कि एक महिला अपनी मेहनत और समर्पण से किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती है। मैंने अपनी जिंदगी में यही सीखा कि जो भी करो, पूरी शिद्दत से करो, और उसे पाने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा दो। मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा, बल्कि हर चुनौती को एक अवसर में बदला।मेरी इस सफर में मेरे अब्बू रजा अहमद जी और पति अंजुम अल्वी ने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मेरे बच्चों ने भी मुझे प्रेरित किया, और उनके विश्वास ने मुझे कभी हारने नहीं दिया। आज, मैं हज कमेटी की सदस्य होने के साथ-साथ अभियान ह्त्रह्र के माध्यम से शिक्षा और स्वावलंबन के लिए भी प्रयासरत हूँ। संस्कारधानी राजनांदगांव शहर ने मुझे अपार स्नेह दिया है, और अब मेरी कोशिश है कि मैं इस प्यार को लौटाऊँ—महिलाओं को सशक्त बनाकर, जरूरतमंदों को सहारा देकर और शिक्षा का दीप जलाकर। मैं चाहती हूँ कि हर लड़की और हर महिला यह समझे कि हम केवल किसी की बेटी, पत्नी या माँ नहीं हैं—हम स्वयं में एक शक्ति हैं, और जब हम ठान लें, तो असंभव कुछ भी नहीं।

nandgaon times march-09-2.qxd 3/8/2025 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) चूलिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?*

*2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?*

*3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?*

*4) मनी म्यूल क्या है?*

*5) भारत में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) चम्बल नदी (2) पश्चिम बंगाल (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) कोई व्यक्ति जो अवैध रूप से अर्जित धन को किसी और के लिए स्थानांतरित करता है (5) लिंडी कैमरून

# जीवन में कोई भी समस्या हो तो शास्त्र का सहारा लेना चाहिए....

**औरंगाबाद/** परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने रुद्र चंडी महायज्ञ में आज सुंदरकांड की कथा बताए ,साथ में यह बताए की शास्त्र और अध्यात्म के माध्यम से समस्या का समाधान किया जा सकता है,जब माता सीता की खोज में सभी वानर समुद्र के किनारे आते है, हनुमान जी फिर पर्वत पर चढ़ रहे हैं, हनुमान जी सबको यह शिक्षा दे रहे हैं कि जब समस्याओं को बड़ा करके देखोगे नीचे से देखोगे समस्याएं बड़ी दिखाई देगी तुम टूट जाओगे इसलिए ऊंचाई पर खड़ा होकर देखे,समस्या छोटी लगेगी और जीत जाओगे, हमेशा समाधान की जीत होती है समस्या की नहीं । जीवन में कोई भी समस्या हो शास्त्र का सहारा लेना चाहिए, इसलिए जब ऊपर से देखेंगे तो समस्याएं छोटी लगेगी। जितने पर्वत है वह हमारे वेद और पुराण है, हनुमान जी का पर्वत पर चढ़ने का आशय है कि जब कभी भी अपने जीवन में सांसारिक जीवन में समस्या का समाधान ना हो तो अपने वेद पुराण शास्त्र में ढूंढना चाहिए पर्वत का मतलब यह होता है यही सबसे बड़ा पर्वत है इससे बड़ा पर्वत कोई नहीं है ,पावन पर्वत वेद पुराणा....आगे बताए कि जब लक्ष्मण जी मूर्छित होते है संजीवनी बूटी की आवश्यकता है संजीवनी बूटी मिलेगी कहां ,पर्वत में, और पर्वत हनुमान जी लाते



है,क्योंकि हनुमान जी ज्ञानियों के सूर्य के शिष्य है और ज्ञानियों में अग्रणी है जिसके पास ज्ञान ,बुद्धि, विवेक होगा वह समाधान शास्त्रों में ढूंढेगा जिसके पास बुद्धि, विज्ञान ,ज्ञान नहीं होगा वह समस्याओं का समाधान चौराहे पर जाकर ढूंढना शुरू करेगा और समाधान नहीं मिलना अर्थात मूर्छित हो जाएगा। आज सब मूर्छित ही है,हमें क्या नहीं करना चाहिए, क्या करना चाहिए आज यही स्थिति बना हुआ है सब लोग बस इसी चिंता में है आगे क्या होगा? इसका अर्थ है की संजीवनी बूटी की आवश्यकता है और संजीवनी बूटी मिलेगी कहां ? पहाड़ पर , रामचरितमानस गीता उपनिषद भागवत यही हमारे पर्वत हैं। पर्वत हमेशा सुंदर ही होता है हर शास्त्र सुंदर होते हैं क्योंकि हर शास्त्र के हर वाक्य ,हर वाक्य के हर शब्द, हर शब्द के हर अक्षर ब्रह्म का रूप होता है । अक्षर ब्रह्म ,अक्षर का मतलब जिसका कभी क्षर न हो। शब्द क्या है शब्द भगवान शब्दावतार है,शब्द से भगवान भागवत में प्रवेश कर गए भगवान रामचरितमानस में प्रवेश कर गए शब्द का अवतार लेकर शब्द रूप लेकर के शास्त्र में बैठे हैं इसलिए शब्द शाश्वत है शब्द कभी मिटते नहीं है अक्षर पवित्र होता है। काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही प्रतिदिन हजारों संख्या में शिवलिंग बनाकर अभिषेक किया जा रहा है साथ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा की जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने महिला पुलिस थाना राजनांदगांव का किया लोकार्पण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज महिला पुलिस



थाना राजनांदगांव का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिला पुलिस थाना में पहला रोजनामचा लिखा। उन्होंने थाना प्रभारी श्रीमती गीतांजलि सिन्हा एवं पूरे स्टॉफ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों को सशक्त नारी सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। थाना प्रभारी श्रीमती गीतांजलि सिन्हा ने बताया कि महिला पुलिस थाना में महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों, पति-पत्नी से जुड़े, दहेज प्रताडऩा, मानसिक प्रताडऩा, घरेलु हिंसा से पीड़ित महिला एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। घरेलू हिंसा, दहेज प्रताडऩा पर महिला थाना में एफआईआर कर सकेंगी। दो प्रधान आरक्षक एवं तीन महिला आरक्षक है। महिलाओं की काउंसलिंग के लिए 12 महिला काउंसलर है। इस अवसर पर श्री भावेश बैद, श्री राजेश श्यामकर, काउंसलर श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती एकता अग्रहरि सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## महापौर यादव निगम से नही लेंगे वाहन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवनिर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव शपथ ग्रहण के उपरांत कहा कि, वे नगर निगम की ओर से किराए के वाहन से नही चलेगें। चूंकि नगर निगम में महापौर की गाडी खराब हो चुकी है, जिस कारण महापौर के लिए किराए का वाहन उपलब्ध कराया जाता है। महापौर श्री यादव ने कहा कि, वे निगम से किराए के वाहन न लेकर अपने स्वयं के वाहन से वार्ड एवं अन्य जगह भ्रमण करेंगें। इस संबंध में उन्होने निगम के अधिकारियों को अवगत् करा दिया है।

## संस्कारधानी में बढ़ता नशे का जाल, तथागत ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिसे संस्कारधानी के रूप में जाना जाता है, अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन हाल के दिनों में शहर में अवैध नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है, जिससे न केवल युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है बल्कि महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।



युवा नेता एवम् समाजसेवी तथागत पांडे ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अवैध नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि शहर के कई इलाकों, खासतौर पर मध्य और बाहरी क्षेत्रों में, नशे की सामग्री खुलेआम बेची जा रही है। कई कैफे की आड़ में नाबालिग बच्चों को नशे की लत लगाई जा रही है, जिससे समाज पर गंभीर असर पड़ रहा है।पांडे ने आगे कहा कि रात 9 बजे के बाद महिलाओं की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगता है। उन्होंने इसे संस्कारधानी की गरिमा के लिए निंदनीय और चिंताजनक स्थिति बताया। समाजसेवी ने पुलिस से 10 दिनों के भीतर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे जनहित में चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौपते समय श्री पांडे के साथ युका पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवम् जनपद सदस्य शुभम पांडे, युवा नेता सौरभ तिवारी, प्रदीप यादव, श्रीकान्त सोनी, शशांक सिंह राजपूत, सुनन्दन लोहिया, मोनू ठाकुर, अजय गुप्ता, अक्षत कांकरिया, मोहित अग्रवाल, दर्शन गांधी, अंकित राव, विकास गुप्ता, आशीष गुप्ता, लोमेश निर्मलकर अन्य शामिल थे।

## कांग्रेस पार्टी अपनी हुयी किरकिरी को पचा नहीं पा रही है - सलमान खान

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** सोशल मीडिया में जारी ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के लेटर पेड पर जारी कांग्रेस के 8 सदस्यों को 6 साल के लिये कांग्रेस पार्टी से बहिष्कृत करने का निष्कासन आदेश जारी हुआ है जिसे देखकर ऐसा लगता है भागवत साहू अपना मानसिंक संतुलन खो चुके है और सदस्यों को बहिष्कृत करने का निष्कासन आदेश जारी करवा रहे हैं लगता है भागवत साहू अपने जिला पंचायत चुनाव में हार का दुख भूल नहीं पाये हैं उसकी खीज मिटाने के लिये ऐसी कार्यवाही करवा रहें हैं उपरोक्त बातें सलमान खान ने अपने बयान में कही और कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें आज कैसे कांग्रेस से बहिष्कृत कर रही है जबकि 31 जनवरी 2025 को कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष भागवत साहू को अपना त्याग पत्र वाट्स अप के माध्यम से दे दिया था और इसी दिन भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी तो आज दिनांक 7 मार्च 2025 को उनको कांग्रेस पार्टी कैसे निष्कासित कर रही है ये समझ से परे है।सलमान खान ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी एक के बाद एक चुनाव हारने के कारण से अपनी सही स्थिति में नहीं है और कुछ के कुछ बयान जारी कर रही है। ब्लाक



कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा जब से अध्यक्ष बने हैं तब से कांग्रेस का मटियामेट तो हो ही चुका है और पार्टी का प्रदर्शन भी बहुत खराब चल रहा है। कांग्रेस पार्टी का भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है। पार्टी को अपना मानसिंक संतुलन सुधार करना चाहिये और एक अच्छे प्रदर्शन को आमजन के सामने लाने का प्रयत्न करना चाहिये। किसी भी आदमी को कांग्रेस पार्टी का बताकर उसे पार्टी से बहिष्कृत करने का दावा करने के पहले यह जांच कर लेना चाहिये था कि उस आदमी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की है या नहीं जैसे कि ताहिर खान, अनील लारोकर, आसिफ खान जैसे निर्दलीय प्रत्याशियों को कांग्रेस अपना बताकर उन्हें कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिये बहिष्कृत करने का दावा कर रही है जो पूरी तरह से हास्यादपद और अपनी ही पार्टी की किरकिरी करने के लिये पूरी तरह से सक्षम है। कांग्रेस पार्टी को आज जनपद पंचायत के अध्यक्ष चुनाव में भी कोई प्रत्याशी नहीं मिला पार्टी इस पर ध्यान दे और अपनी बिगड़ती हालत पर गौर से विचार करे बिना सिर पैर की बातों में अपना समय बरबाद न करे तो पार्टी की सेहत के लिये अच्छा रहेगा।

## निगम में अध्यक्ष एवं अपील समिति के सदस्यों का निर्वाचन संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवनिर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण उपरांत आज 12 बजे से नगर निगम टाऊन हॉल में अध्यक्ष (स्पीकर) एवं अपील समिति के 4 सदस्यों का निर्वाचन कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संपन्न कराया गया।

अध्यक्ष के निर्वाचन में भाजपा पार्षद दल की तरफ से वार्ड नं. 16 के पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं कांग्रेस पार्षद दल की ओर से वार्ड नं. 14 के पार्षद श्री सतीश कुमार यूनस को उम्मीदवार बनाया गया। निर्वाचन प्रक्रिया उपरांत पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा को 41 मत प्राप्त हुए तथा पार्षद श्री सतीश कुमार यूनस को 9 मत प्राप्त हुए, 2 मत अवैध हो गए इस प्रकार 41 मत प्राप्त कर वार्ड नं. 16 के पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा निगम अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष के निर्वाचन उपरांत अपील समिति के 4 सदस्यों के निर्वाचन के लिए वार्ड नं. 34 के पार्षद श्रीमती मोहनी बाई युवराज ढीरहेर, वार्ड नं. 5 के पार्षद श्रीमती श्रुति जैन, वार्ड नं. 33 के पार्षद श्री संतोष कुमार साहू एवं वार्ड नं. 44 के पार्षद श्री सेवक राम उईके द्वारा सदस्य हेतु अभ्यर्थिता (आवेदन) प्रस्तुत किया गया। निर्धारित समय उपरांत किसी अन्य के द्वारा आवेदन प्रस्तुत नही की गई। नाम निर्देशन पत्र की सविक्षा उपरांत चारों अभ्यार्थियों के नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए। नाम वापसी के समय तक किसी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नही लेने की स्थिति में चारों अभ्यर्थियों को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया। इस प्रकार नगर पालिक निगम के लिए चारों अभ्यर्थी को वार्ड नं. 34 के पार्षद श्रीमती मोहनी बाई युवराज ढीरहेर, वार्ड नं. 5 के पार्षद श्रीमती श्रुति जैन, वार्ड नं. 33 के पार्षद श्री संतोष कुमार साहू एवं वार्ड नं. 44 के पार्षद श्री सेवक राम उईके को अपील समिति का सदस्य घोषित किया गया।

## बसुला के निर्वरोध उपसरपंच बने सौरभ वैष्णव, कहा-गांव की विकास होगी पहली प्राथमिकता


**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव गत दिनों संपन्न हुए, जिसमें ग्राम पंचायत बसुला के निर्वरोध उपसरपंच सौरभ वैष्णव बने और वहीं सरपंच पद पर मलिखम कोसरे निर्वाचित हुए। सौरभ वैष्णव के निर्वरोध उपसरपंच बनने ग्राम पंचायत बसूला के लोगों ने फूल-मालाओं और गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया।



श्री वैष्णव ने कहा कि हम सभी मिलकर गांव का विकास करेंगें और गांव के लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ दिलाने हर संभव प्रयास करेंगे, ताकि गांव की विकास के साथ लोगों का विकास भी हो सके। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बासूला के पंचायत बॉडी में गीता लाल वर्मा पंच वार्ड नंबर 01, अजय पाटिला पंच वार्ड नंबर 2, श्रीमती सरस्वती टण्डन पंच वार्ड नंबर 4, श्रीमती दुर्गा महिलांगे पंच वार्ड नंबर 5, श्रीमती चन्द्रकुमारी वर्मा पंच वार्ड नंबर 6, श्रीमती खेमिन साहू पंच वार्ड नंबर 7, उग्रसेन साहू पंच वार्ड नंबर 8, सौरभ वैष्णव पंच वार्ड नंबर 9, उमेश साहू पंच वार्ड नंबर 10, श्रीमती पूर्णिमा वर्मा पंच वार्ड नंबर 11, श्रीमती पूर्णिमा राहुल वर्मा पंच वार्ड नंबर 12, सतानंद वर्मा पंचायत कर्मचारी, हेमंत वैष्णव, बहल वर्मा किरपा साहू, उदित नारायण वर्मा, मनोज वर्मा, सुखसागर वर्मा, मनीष कोसरे, राजा वर्मा विनोद संडे आदि शामिल है।

## धर्म समाचार....

# घर की उत्तर दिशा में रख दें ये चीजें, हर तरफ से मिलेगा लाभ






वास्तु शास्त्र में उत्तर दिशा को विशेष महत्व दिया जाता है। यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश द्वार मानी गई है। ऐसे में अगर आप इस दिशा में वास्तु के नियमों का ध्यान रखते हैं तो इससे आर्थिक तंगी जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि वास्तु शास्त्र के अनुसार आपको उत्तर दिशा में कौन-सी चीजें रखनी चाहिए। माना जाता है कि अगर आप अपने घर व कार्यक्षेत्र में वास्तु नियमों का ध्यान रखते हैं, तो इससे पॉजीटिव एनर्जी का प्रवाह बना रहता है। साथ ही इससे खुशनुमा माहौल भी देखने को मिलता है। ऐसे में आप हर दिशा में वास्तु नियमों का ध्यान रखते हैं, तो इससे आपको कई अच्छे परिणाम देखने को मिलते हैं। आज हम आपको उत्तर दिशा से संबंधित वास्तु नियम बताने जा रहे हैं।

**नहीं होगी आर्थिक तंगी**

वास्तु शास्त्र के नियमों के अनुसार अगर आप घर की उत्तर दिशा में धन या तिजोरी आदि रखते हैं, तो इससे आपके ऊपर कुबेर देव और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। साथ ही आप इस दिशा में माता लक्ष्मी की मूर्ति या चित्र भी स्थापित कर सकते हैं, जिससे आपको लिए धन लाभ के योग बनने लगते हैं।

**कौन-से पौधे रखें**

वास्तु शास्त्र के मुताबिक आप उत्तर दिशा में मनी प्लांट और तुलसी के पौधे रख सकते हैं। जहां मनी प्लांट को धन वृद्धि से जोड़कर देखा जाता है, वहं सनातन धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत ही पवित्र माना गया है।

## आमलकी एकादशी पर कैसे करें परमेश्वर स्तुति स्तोत्र का पाठ? जानिए सरल विधि

सनातन धर्म में सभी तिथि को एकादशी को विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। एकादशी तिथि को भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए शुभ माना जाता है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर आमलकी एकादशी व्रत किया जाता है। इस दिन पूजा के दौरान परमेश्वर स्तुति स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। इससे पूजा श्रीहरि की कृपा प्राप्त होती है। हर माह में कृष्ण और शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर व्रत किया जाता है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर आमलकी एकादशी (द्वड्डद्यड्डद्मद्ब श्वद्मड्डस्रड्डह्यद्धद्ब 2025) व्रत किया जाता है, जिसे रंगभरी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस खास अवसर पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने का विधान है। ऐसे में इस दिन पूजा के दौरान परमेश्वर स्तुति स्तोत्र का पाठ करना शुभ माना जाता है।




**कैसे करें परमेश्वर स्तुति स्तोत्र का पाठ?**

इस दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करने के बाद पूजा की शुरुआत करें। देसी घी का दीपक जलाकर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की आरती करें। सच्चे मन से परमेश्वर स्तुति स्तोत्र का पाठ करें। श्रीहरि के मंत्रों का जप और विष्णु चालीसा का पाठ करें। फल और मिठाई समेत आदि चीजों का भोग लगाएं। आखिरी में लोगों में प्रसाद बाटें।

**आमलकी एकादशी 2025 डेट और शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 09 मार्च को सुबह 07 बजकर 45 मिनट पर शुरू हो रही है और तिथि का समापन अगले दिन यानी 10 मार्च को सुबह 07 बजकर 44 मिनट पर होगा है। इस प्रकार 10 मार्च को आमलकी एकादशी व्रत किया जाएगा।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स


खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित महापौर एवं 51 वार्डों के पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## हम सब मिलकर शहर को विकसित करने का संकल्प लें और शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने में अपना योगदान दें : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह










**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नवनिर्वाचित महापौर एवं 51 वार्डों के पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर समारोह में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने नवनिर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। समारोह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने 19 महिला पार्षदों को पहले शपथ दिलाई। इसके पश्चात अन्य 32 वार्डों के पार्षदों को शपथ दिलाई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जनप्रतिनिधि जिनका चयन जनता ने नगरीय निकाय के लिए किया है, आज जनता की पसंद, सहयोग, समर्थन एवं आशीर्वाद से 51 पार्षद आज यहां निर्वाचित होकर शपथ लिए हैं। उनमें कार्य करने के लिए एक जोश और जज्बा है, जो आगामी पांच वर्षों में शहर के एक-एक गली-मोहल्ले में बिजली, पानी, साफ-सफाई, अन्य सुविधाएं तथा अपने वार्डों को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करेंगे। महापौर एवं सभी पार्षदों के नेतृत्व में राजनांदगांव स्वच्छ शहर बनेगा। महापौर श्री मधुसूदन यादव को सभी का सहयोग एवं आशीर्वाद मिला है। उन्होंने सभी 51 वार्ड के पार्षदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जीवन में राजनीति में प्रवेश करने के लिए पार्षद पहली सीढ़ी है। पार्षद के पद से आप सभी मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री तक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वयं उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के सफर का प्रारंभ पार्षद पद से किया है। उन्होंने कहा कि पार्षद पद का एक बड़ा दायित्व है और नगरीय निकायों के विकास एवं स्वच्छता की जिम्मेदारी आप सभी पर है तथा एक नये जीवन की शुरूआत है। हम सब मिलकर शहर को विकसित करने का संकल्प ले और शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में अपना योगदान दें।

> **कलेक्टर ने नवनिर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई**
>
> **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 19 महिला पार्षदों को पहले दिलाई गई शपथ**
>
> **एक-एक गली-मोहल्ले में बिजली, पानी, साफसफाई, अन्य सुविधाएं तथा अपने वार्डों को स्वच्छ रखने के लिए करेंगे कार्य**

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने हमें चुना है, हम उस पर खरे उतरेंगे। जब हम सभी का कार्यकाल समाप्ति की ओर होंगे तब आप एक बदला हुआ राजनांदगांव शहर देखेंगे। जनता की हमसे जो अपेक्षाएं एवं विश्वास है, उसे हम जिम्मेदारी और सक्रियता से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से शहर तथा नगरीय निकायों के विकास के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय एवं सभी के सहयोग से बेहतर राजनांदगांव की परिकल्पना को आगे ले जाएंगे। इस अवसर पर सांसद राजनांदगांव श्री संतोष पाण्डेय, सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमार चौधरी, विधायक दुर्ग श्री गजेन्द्र यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री सचिन बघेल, पूर्व विधायक श्री विनोद खाण्डेकर, श्री रामजी भारती, श्री कोमल सिंह राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, श्री रमेश पटेल, श्री नीलू शर्मा, श्री भरत वर्मा, श्री विक्रांत सिंह, श्री संतोष अग्रवाल, श्री दिनेश गांधी, श्री राजेन्द्र गोलछा, श्री सौरभ कोठारी, श्री भावेश बैद, श्री सुरेश एच लाल, श्री राधेश्याम गुप्ता, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, श्री नरेश डाकलिया, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, नगर पालिक निगम राजनांदगांव के सभी 51 वार्डों के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

समारोह में 51 पार्षदों ने ली शपथ

समारोह में बजरंगपुर वार्ड क्रमांक 1 से श्री राजा तिवारी, महात्मा बुद्ध वार्ड क्रमांक 2 से श्री सावन कुमार वर्मा, मोतीपुर वार्ड क्रमांक 3 से श्री कमलेश कुमार बंधे, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड क्रमांक 4 से श्रीमती बैना बाई टुरहाटे (बहनजी), चिखली वार्ड क्रमांक 5 से श्रीमती श्रुति लोकेश जैन, शासकीय मुद्राणालय वार्ड क्रमांक 6 से श्री कन्हैया (सुनील) साहू, महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 7 से सुश्री तृप्ति (मन्टू), रामनगर वार्ड क्रमांक 8 से श्री मनोहर यादव, शंकरपुर वार्ड क्रमांक 9 से श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 से श्री शिव वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 11 से श्री छोटेलाल रामटेके, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक 12 से संदीप बघेल, गौरीनगर वार्ड क्रमांक 13 से श्री हफीज खान, बलराम दास वार्ड क्रमांक 14 से श्री सतीश मसीह, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र वार्ड क्रमांक 15 से श्री प्रमोद कुमार झंझाडे, ठाकुर प्यारे लाल वार्ड क्रमांक 16 से श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, तुलसीपुर वार्ड क्रमांक 17 से श्री संतोष पिल्ले, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 18 से श्रीमती संगीता देवांगन, वर्धमान नगर वार्ड क्रमांक 19 से श्रीमती रेखा पारख, रविदास वार्ड क्रमांक 20 से श्री कुलेश्वर ध्रुव, मेडिकल वार्ड क्रमांक 21 से श्रीमती बीना मुकेश ध्रुव, रेवाडीह वार्ड क्रमांक 22 से श्रीमती प्रियंका पंकज कुरंजेकर, स्टेडियम वार्ड क्रमांक 23 से श्री राजा माखीजा, गुरूगोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 24 से श्री शैंकी बग्गा, शीतला माता वार्ड क्रमांक 25 से श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, सुर्यमुखी वार्ड क्रमांक 26 से श्रीमती झमित नदान सेन, सुभाष वार्ड क्रमांक 27 से श्री राजेश जैन (तनू), तिलक वार्ड क्रमांक 28 से श्री शरद कुशवाहा, विवेकानंद वार्ड क्रमांक 29 से श्रीमती न्यामत हुसैन हुददा, कैलाश वार्ड क्रमांक 30 से चन्द्रशेखर लश्करे, जनता कालोनी वार्ड क्रमांक 31 से श्रीमती रीना ओम सिन्हा, संजय वार्ड लखोली वार्ड क्रमांक 32 से श्रीमती गिरजा निर्मलकर, बैगापारा वार्ड क्रमांक 33 से श्री संतोष कुमार साहू, कन्हारपुरी वार्ड क्रमांक 34 से श्रीमती मोहनी बाई सतनामी,

## पांडेटोला सरपंच कीर्तन साहू ने मातृशक्ति को श्रीफल देकर किया सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पांडेटोला में 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर



ग्राम पंचायत पांडेटोला के सरपंच कीर्तन साहू ने मातृशक्ति को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुमार साहू,बलदेव साहू,अजय साहू, धनुक नेताम, लखन गेंड्रे,विक्रम साहू,जगत साहू, भूखन पटेल, नरेश साहू,टिकेश्वर साहू,किशोर साहू, गोवर्धन साहू जगत साहू एवं समस्त पंचगण ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक एवं मेंहदी उत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस उदयाचल प्रांगण में सैकड़ों भक्त माता - बहनों एवं बंधुओ ने श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक किया एवं श्री श्याम नाम की मेहंदी रचवाई । इस दौरान लगभग 101 किलो दूध से बाबा का अभिषेक हुआ ।



## धनगांव में दो दिवसीय फाग महोत्सव 15 एवं 16 मार्च को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम धनगांव (बांकल स्टेशन) आदर्श युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम धनगांव के तत्वाधान में दो दिवसीय फाग महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 15 एवं 16 मार्च को किया जा रहा है। ग्राम पंचायत धनगांव के नवनिर्वाचित सरपंच जागेश्वर देवांगन ने बताया कि फाग महोत्सव में प्रवेश शुल्क 251रुपए, पुरस्कार झांकी वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय पुरस्कार 4001, तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 2001, पंचम पुरस्कार 1001 रुपए,इसी तरह से पुरस्कार रचना वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए,द्वितीय पुरस्कार 4001, तृतीय पुरस्कार 3001,चतुर्थ पुरस्कार 2001, पंचम पुरस्कार 1001 रुपए,इसके अलावा विशेष पुरस्कार भी रखा प्रदान किया जाएगा।



आयोजक समिति के अध्यक्ष मनसुख साहू,मयंक साहू, उपाध्यक्ष सौरभ पुराम राम, सतानंद साहू, सचिव सुधांशु साहू,भागवत साहू, कोषाध्यक्ष डिगेश्वर साहू, इंद्रजीत साहू, संरक्षक वेदनाथ कंवर ग्राम पटेल,भाई चंदू देवांगन, सह सचिव भेषदास मानिकपुरी, व्यवस्थापक सुभाष निर्मलकर, संतोष कंवर, रोशन साहू कार्यकारी सदस्य गण रामकुमार देवांगन,लेख राम देवांगन, शिव नेताम,जनार्दन साहू, भारत नेताम,राकेश नेताम,संजय नेताम,सूरज, रवि,सौरभ,पुरामसानू, मनीष, नीरज,धर्मेंद्र, युगेश, साहू,अजय मानिकपुरी, विजय मानिकपुरी, विजय मानिकपुरी, अंशु क्षत्रिय नितेश सेन, दिनेश देवांगन, प्रकाश निषाद,संजय साहू, वेद प्रकाश साहू, अरुण साहू,भीषम साहू, कमलेश साहू,किशन साहू,धनंजय साहू,दयाधर साहू,लोकेश, रूपेश,दीपक, चोवा साहू एवं समस्त ग्रामवासी धनगांव ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर रखी है। कार्यक्रम में उद्घोषक खिलेश्वरी यदु मनमोहिनी ग्राम परसवानी अर्जुंदा जिला बालोद एवं जनार्दन साहू ग्राम धनगांव होंगे।निर्णायक समिति में एम एल वर्मा व्याख्याता उच्चतर माध्यमिक शाला धनगांव,रामकिशन देवांगन प्रधान पाठक धनगांव, भोजराम ठाकुर,लेखराम देवांगन,रामकुमार देवांगन सुरेंद्र साहू होंगे। कार्यक्रम में संपर्क कर सकते हैं लेख राम किराना एवं जनरल स्टोर,शिव नेताम,भेष दास मानिकपुरी, मनसुख लाल साहू से संपर्क कर सकते हैं। इसी दिनांक में खपरीकला, बांकल, रीवागहन, किरगी,भानपुरी में भी आयोजित है।

## पार्रीखुर्द स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पार्रीखुर्द के संयुक्त प्रधान में वार्षिक उत्सव व कक्षा पांचवी, आठवीं के बच्चों का विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कुमारी बाई जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में संकुल भर्रेगांव समन्वयक भूपेश कुमार साहू, सेवानिवृत शिक्षक जीवराखन निषाद,पूर्व सरपंच मुकेश चंद्राकर ग्राम पंचायत पार्रीखुर्द की भूमिका रही,कार्यक्रम की अध्यक्षता माध्यमिक शाला प्रधान पाठक हरीश कुमार देवांगन ने की, इस महानुभावों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत किया गया। स्वागत अभिनंदन पश्चात बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई है जिसमें आए हुए महानुभावों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के आयोजन में माध्यमिक शाला की ओर से पूर्व व्यावसायिक शिक्षा का स्टाल भी लगाया गया था जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें वर्तमान सत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में हुए मुख्य कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा हेतु शाला के शिक्षक शिवकुमार सेवता का चयन हुआ था जिसके विशेष प्रयास हेतु शाला की ओर से उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में मार्गदर्शकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया जिसमें हस्तशिला के क्षेत्र में सुश्री रमा साहू, मूर्तिकला के क्षेत्र में कोमल कुंभकार, सिलाई बुनाई के क्षेत्र में पुष्पा निषाद, हथकरघा के क्षेत्र में पुष्पा साहू व रूपेश कुमार यादव को सम्मानित हुए।

बच्चों ने विदाई की परंपरा का भी निर्वहन बड़े ही सुंदर ढंग से किया।जिसमें छोटे भाई बहनों ने कक्षा पांचवी और आठवीं के बच्चों की आरती उतारकर व भेंट देते हुए उसका सम्मान किया और उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम के अंत मे शाला परिवार द्वारा अतिथियों के लिए भोजन की स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम में शिक्षक स्टाफ माध्यमिक शाला प्रधान पाठक हरीश कुमार देवांगन,प्राथमिक शाला प्रधान पाठक प्रेम शंकर साव,शिवकुमार सेवता,अनुपमा सोनी, विभा सिंहमारे,दीपक कुमार साहू,सुश्री पुष्पलता देवांगन के साथ-साथ शाला की रसोइयो शांति यादव, लीला यादव, सोहद्रा साहू, गीतांजलि साहू, स्वीपर ललिता निषाद, अनीता पटेल एवं शाला के पूर्व छात्राओ सुश्री रमा साहू और सुश्री भानेश्वरी साहू का विशेष सहयोग रहा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com